हर डॉग बाइट व मौत पर जुर्माना ठोकेंगे

सुप्रीम कोर्ट की राज्य सरकारों को सख्त चेतावनी

नई दिल्ली, 13 जनवरी. आवारा कुत्तों के मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राज्य सरकारों को कड़ी चेतावनी दी.

शीर्ष अदालत ने कहा कि कुत्ते के काटने की हर घटना और इससे होने वाली हर एक मौत के मामले में संबंधित राज्य पर भारी-भरकम मुआवजा लगाया जा सकता है. इसके साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में कुत्तों के हमले से किसी व्यक्ति पर 'जीवनभर का असर' पड़ता है, ऐसे मामलों में डॉग फीडर्स (आवारा कुत्तों को भोजन देने वाले) की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी. सुप्रीम कोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा, हर डॉग बाइट और हर मौत के लिए हम राज्यों पर भारी मुआवजा तय करेंगे, क्योंकि उन्होंने जरूरी इंतजाम नहीं किए. साथ ही डॉग फीडर्स की भी जिम्मेदारी होगी. अगर आप उन्हें खाना खिला रहे हैं, तो उन्हें अपने घर रखें. उन्हें खुले में घूमकर लोगों को काटने और उन पर हमला करने की इजाजत क्यों दी जाए? कुत्ते के काटने का असर जीवनभर रहता है. सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को फटकार लगाते हुए कहा कि उन्होंने एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों को लागू करने में पूरी तरह नाकामी दिखाई है. पीठ ने कहा कि यह समस्या दशकों से चली आ रही है और केंद्र व राज्यों की विफलता के कारण यह कई गुना बढ़ चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि हर उस पुरुष, महिला और बच्चे की मौत के लिए, जिसकी जान कुत्ते के काटने से गई है, जिम्मेदार सरकार पर भारी मुआवजा लगाया जाएगा.

> तीन जजों की विशेष पीठ- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन. वी. अंजारिया ने कहा कि आवारा कुत्तों के बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों के कई वीडियो मौजूद हैं. सुप्रीम कोर्ट ने डॉग लवर्स और डॉग फीडर्स से तीखा सवाल किया, क्या आपकी भावनाएं सिर्फ कुत्तों के लिए हैं, इंसानों के लिए नहीं? जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए.

जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन

नईदिल्ली. जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार शाम स्थ्ष्ट के पास दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए. भारतीय सेना ने फायरिंग कर दी. सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान मंडराते हुए नजर आए. फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की ओर लौट गए. रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि शाम करीब 7 बजे ड्रोन राजौरी के चिंगुस इलाके के डुंगा गाला क्षेत्र में भारतीय सीमा में घुसे. सेना ने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिव किया तो गायब हो गए. फिर शाम करीब 7.35 बजे दो ड्रोन जैसे ऑब्जेक्ट धरि धरा गांव में स्पॉट किए गए. जवानों ने कई राउंड फायर किए.

ईरान के हिंसक प्रदर्शन में 2000 मौतें

तेहरान, ईरान, 13 जनवरी. ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले चुके हैं. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अब तक 2,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों के जवान शामिल हैं.

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों करीब 300 प्रान्तों में फैल गई है. यह पहली बार है जब ईरानी अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में मृतकों की पुष्टि सार्वजनिक रूप से की है.

बताया जाता है कि 26 वर्षीय एरफान सोलतानी को विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है. यह मौजूदा आंदोलन से सीधे जुड़ी पहली फांसी मानी जा रही है.

> मानवाधिकार संगठनों ने भी सैकड़ों मौतों और हजारों गिरफ्तारियों की पुष्टि की है. इंटरनेट और संचार पर प्रतिबंध के कारण स्थिति की जानकारी सामने लाना मुश्किल हो गया है. हिंसक झड़पों के वीडियो में गोलीबारी, जलती हुई इमारतें और वाहनों की आग दिखाई दे रही है, जिन्हें रॉयटर्स ने सत्यापित किया है. प्रदर्शन अब देशव्यापी संकट का रूप ले चुके हैं. अधिकारियों ने पुष्टि की है कि प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों में अब तक करीब 2,000 लोगों की मौत हुई है.

आदित्य का प्रदेश अध्यक्ष बनना तय

झारखंड में भाजपा को मिला नया नेतृत्व

रांची, 13 जनवरी. झारखंड में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद आदित्य साहू होंगे.

पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का प्रदेश अध्यक्ष बनना लगभग तय है. मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष पद के चयन को लेकर दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा, लेकिन नामांकन की तय समय-सीमा के भीतर केवल एक ही नामांकन आदित्य साहू का दाखिल होने से तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई. प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया दिन के 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित थी. इस दौरान करीब एक बजे आदित्य साहू ने पार्टी द्वारा नामित चुनाव पदाधिकारी एवं केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. नामांकन के समय पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. श्री साहू के नामांकन के प्रस्तावक के रूप वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और पशुपतिनाथ सिंह जैसे वरिष्ठ नेता शामिल रहे.

राष्ट्र निर्माण में नौसेना की उत्कृष्ट भूमिका

नौसेना के संयुक्त सेवा शिविर को राजनाथ सिंह ने किया संबोधित

नई दिल्ली, 13 जनवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लक्षद्वीप के कवरत्ती स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल में नौसेना के संयुक्त सेवा बहु-विशेषज्ञता शिविर को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर दूरस्थ और द्वीपीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.

इन द्वीपों में इस तरह के शिविरों के पहली बार आयोजन का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने अपने वर्चुअल संबोधन में इस पहल को समुद्री सुरक्षा से आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण और मानवीय सहायता में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका का उत्कृष्ट उदाहरण बताया. उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के दल ने उन्नत निदान सुविधाएं और विशेषज्ञ देखभाल सुविधा सीधे लोगों के घर तक पहुंचाई है जिनमें नियोजित शल्य चिकित्सा और मोतियाबिंद के ऑपरेशन जैसी सेवाएं शामिल हैं.

> रक्षा मंत्री ने कहा कि व्यापक रूप से जांच, शीघ्र निदान, समय पर चिकित्सा सलाह, चिकित्सा हस्तक्षेप और दवाओं का नि:शुल्क वितरण इन द्वीपों के समुदायों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ में योगदान देगा. उन्होंने कहा, हम स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं. हमने न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में भौतिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया है बल्कि आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों जैसी पहलों के माध्यम से लोगों के कल्याण का भी ध्यान रखा है.

एयरपोर्ट पर राहुल की सिद्धारमैया से मुलाकात

नईदिल्ली. कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को तमिलनाडु रवाना होने से पहले मैसूरु हवाई अड्डे पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से संक्षिप्त मुलाकात की.

बीएमसी की 29 ननि में मतदान कल

मुंबई, 13 जनवरी. महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों की सियासी तपिश अपने चरम पर पहुंच चुकी है. मंगलवार को प्रचार का आखिरी दिन था. 15 जनवरी को राज्य की 29 नगर निगमों में मतदान होना है. ऐसे में मराठी अस्मिता, गठबंधन की मजबूती और सत्ता संतुलन जैसे मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं. इन चुनावों को सिर्फ स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं, बल्कि 2026 की राज्य राजनीति का सेमीफाइनल माना जा रहा है. सबसे ज्यादा नजरें मुंबई की बृहन्मुंबई महानगरपालिका पर टिकी हैं, जहां 227 वार्डों के लिए करीब 1700 उम्मीदवार मैदान में हैं. बीएमसी की कुर्सी महाराष्ट्र की राजनीति में ताकत का प्रतीक मानी जाती है.

बिहार कैबिनेट ने 41 प्रस्तावों को दी मंजूरी

- 53 साल बाद बिहार-झारखंड के बीच सोन नदी जल विवाद सुलझा

पटना, 13 जनवरी. बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बिहार और झारखंड के बीच लंबे समय से लंबित सोन नदी जल-बंटवारा विवाद के निपटारे सहित कुल 41 प्रस्तावों को हरी झंडी दी.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट) अरविंद चौधरी ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि करीब 53 वर्षों बाद बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल-बंटवारा विवाद के निपटारे को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है. श्री चौधरी ने बताया कि वर्ष 1973 में हुए बाणसागर समझौते के तहत तत्कालीन अविभाजित बिहार को 7.75 मिलियन एकड़-फीट (एमएएफ) पानी का अधिकार था. वर्ष 2000 में बिहार के विभाजन के बाद से ही झारखंड दोनों राज्यों के बीच जल हिस्सेदारी की मांग करता रहा. इस विवाद का समाधान नहीं होने के कारण बिहार में इंद्रपुरी जलाशय परियोजना को वर्षों तक मंजूरी नहीं मिल सकी. जल-बंटवारे के अंतिम सूत्र के तय होने के बाद अब दोनों राज्यों ने सहमति जताई है कि अविभाजित बिहार के 7.75 एमएएफ हिस्से में से बिहार को 5.75 एमएएफ और झारखंड को 2.00 एमएएफ पानी मिलेगा. अतिरिक्त मुख्य सचिव बताया कि इस संबंध में बिहार और झारखंड के बीच हस्ताक्षरित किए जाने वाले एकरारनामा प्रारूप को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है.

लोहड़ी पर केजरीवाल ने की खुशहाली व भाईचारे की कामना

नई दिल्ली, 13 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने लोहड़ी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं.

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश साझा करते हुए इस पर्व को खुशहाली और भाईचारे का प्रतीक बताया. अपने संदेश में केजरीवाल ने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए. लोहड़ी विशेष रूप से उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है, जो नई फसल और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक माना जाता है. इस अवसर पर लोग अग्नि प्रज्वलित कर खुशियां मनाते हैं. राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहते हुए भी अरविन्द केजरीवाल सामाजिक और सांस्कृतिक अवसरों पर देशवासियों से संवाद करते रहे हैं. उनका यह संदेश न केवल पर्व की शुभकामनाओं तक सीमित रहा, बल्कि समाज में सौहार्द और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाला माना जा रहा है.

विश्वविद्यालय में गढ़ा जा रहा राष्ट्र का भविष्य

- उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अभियान की शुरुआत की

नई दिल्ली, 13 जनवरी. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं को नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने और विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरम्भ किया.

श्री राधाकृष्णन ने सशक्त राष्ट्रों के लिए सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल अकादमिक शिक्षा के केंद्र भर नहीं बल्कि ऐसे संस्थान होते हैं जहां मूल्य संस्कारित किए जाते हैं, नेतृत्व पोषित किया जाता है और राष्ट्र का भविष्य गढ़ा जाता है. उन्होंने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय जैसा प्रमुख शिक्षण संस्थान नशीले पदार्थों के इस्तेमाल के खिलाफ दृढ़ रुख अपनाता है तो यह समाज को सशक्त संदेश देता है. उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी सुनिश्चित करने को कहा कि नशा मुक्त परिसर अभियान सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों का अभिन्न हिस्सा बने.

> उपराष्ट्रपति ने भारत को युवा ऊर्जा से पूर्ण राष्ट्र बताते हुए कहा नशीले पदार्थों का इस्तेमाल व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि गंभीर सामाजिक चुनौती, सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और देश के जनसांख्यिकीय लाभ के लिए खतरा है. उन्होंने कहा कि मादक द्रव्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन, पारिवारिक सामंजस्य और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के व्यापार का आतंकवाद से संबंध होने से यह राष्ट्रीय सुरक्षा को भी प्रभावित करता है.

प्रगति पोर्टल में 97 प्रतिशत मामलों का हुआ समाधान

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी जानकारी

लखनऊ, 13 जनवरी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगति पोर्टल को उत्तर प्रदेश में सुशासन का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म परियोजनाओं, योजनाओं और जन-शिकायतों की त्वरित समीक्षा एवं समाधान में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है.

उन्होंने कहा कि 'प्रगति' सहकारी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख शासन व्यवस्था का सशक्त उदाहरण है. लखनऊ में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन के बाद देश और प्रदेश में दूरदर्शी नीतियों के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि प्रगति पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में 97 प्रतिशत मामलों का समाधान सुनिश्चित किया गया है.

छतों पर पतंग उड़ाने देने पड़ेंगे 20 हजार

- अहमदाबाद में पतंग पर्व पर छतें बनी सोने की खान

अहमदाबाद, 13 जनवरी गुजरात में मकर संक्रांति सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि पतंगों, रंगों व कारोबार का महाकुंभ है.

अहमदाबाद के पुराने शहर के पोल, खाडिया और रायपुर जैसे इलाकों में इस साल छतें महज आसमान देखने की जगह नहीं, बल्कि लाखों रुपये की कमाई का जरिया बन चुकी हैं. जैसे-जैसे उत्तरायण नजदीक आई, वैसे-वैसे इन छतों की मांग भी आसमान छूने लगी और किराया 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक पहुंच गया. इस नए ट्रेंड को लोग 'टेरेस टूरिज्म' कहने लगे हैं. देश-विदेश में बसे गुजराती और एनआरआई परिवार हर साल मकर संक्रांति पर अपने पुराने मोहल्लों में लौटते हैं. वे होटलों की बजाय इन पारंपरिक हवेलियों की छतों पर रहना पसंद करते हैं, जहां से वे पतंगों के संग बचपन की यादें भी उड़ाते हैं. पोल इलाके में रहने वाले अजय मोदी बताते हैं कि इस बार पंजाब से लेकर अमेरिका तक के मेहमान उनकी छत बुक करा चुके हैं. मेहमानों को पतंग, डोर, बैठने की व्यवस्था और गुजराती व्यंजन जैसे उंधियू-पूरी, जलेबी, भजिया और तिल की चिक्की भी दी जाती है. बुजुर्गों और बच्चों के लिए कमरे तक उपलब्ध कराए जाते हैं.

> पतंग बेचने वाले, नाश्ते के ठेले, डोर बनाने वाले कारीगर और घरेलू स्नैक्स बनाने वाली महिलाएं भी हजारों रुपये कमा लेती हैं. कुछ लोग दो दिन में ही 2 से 5 हजार रुपये की कमाई कर लेते हैं. जिग्नेशभाई रामी कहते हैं कि जितनी ऊंची छत, उतना ज्यादा किराया. आखिरी समय में तो दाम लाखों तक पहुंच जाते हैं. शाम ढलते ही छतों पर आतिशबाजी और सैकड़ों पतंगों का नजारा किसी उत्सव से कम नहीं होता. गीताबेन राणा जैसे मध्यम वर्गीय और दिव्यांग परिवारों के लिए यह त्योहार सालभर की आर्थिक मदद बन गया है.

आज का इतिहास

1514 – पोप लियो दशम ने दासता के विरुद्ध आदेश पारित किया.
1551– अकबर के नवरत्नों में शामिल अबुल फजल का जन्म.
1760– फ्रांसीसी जनरल लेली ने पांडिचेरी को अंग्रेज़ों के हवाले कर दिया.
1761– मराठों और अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के बीच पानीपत की तीसरी लड़ाई.
1809– इंग्लैंड और स्पेन ने 'नेपोलियन बोनापार्ट' के ख़िलाफ़ गठबंधन किया.
1926– प्रख्यात लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता महाश्वेता देवी का जन्म.

क्रिप्टो फ्रॉड : नवी मुंबई में एक करोड़ रुपए ठगे

मुंबई, 13 जनवरी. महाराष्ट्र में नवी मुंबई और आस-पास के इलाकों से ऑनलाइन निवेश और पहचान की चोरी की धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जिससे कई करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.उन्होंने बताया कि नवी मुंबई के एक बड़े मामले में 56 वर्षीय लोन कंसल्टेंट को एक फर्जी क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में फंसाकर 72.7 लाख रुपये का चूना लगाया गया. उन्होंने बताया कि बेलापुर के रहने वाले पीड़ित से कुछ अज्ञात लोगों ने संपर्क किया जिन्होंने यूएसडीटी, एक क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर अधिक रिटर्न का वादा किया. उसका भरोसा जीतने के बाद आरोपियों ने उसे मई 2024 व दिसंबर 2025 के बीच अलग-अलग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए बताए खातों में बड़ी रकम भेजने के लिए राजी किया. लेकिन वादे के मुताबिक जब रिटर्न नहीं मिला और निवेश प्लेटफॉर्म तक पहुंच बंद हो गई, तो पीड़ित को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

एक नजर में

आतंकवाद पर आसियान देशों की आज से बैठक

नई दिल्ली 13 जनवरी. आतंकवाद-रोधी उपायों पर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन-आसियान के रक्षा मंत्रियों और आंतकवाद से निपटने की तैयारी संबंधी अंतिम कार्य योजना पर विशेषज्ञ कार्य समूह-एडीएमएम प्लस की 16 वीं बैठक बुधवार से यहां शुरू होगी. रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि तीन दिन की इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और मलेशिया करेंगे. इसमें आसियान सचिवालय के प्रतिनिधियों सहित 11 आसियान सदस्य देश-नेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, वियतनाम, सिंगापुर, थाईलैंड और तिमोर लेस्ते और 7 संवाद साझेदार देश ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधि भाग लेंगे.

मकर सरस्वती पर गंगा में निजी नावों पर रोक

पटना, 13 जनवरी. पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम के निर्देश पर अनुमंडल दंडाधिकारी कृतिका मिश्रा ने आदेश जारी कर मकर संक्रांति और सरस्वती पूजा के अवसर पर गंगा नदी में निजी बोट और नावों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. यह आदेश श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये जारी किया गया है. अनुमंडल दंडाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार, 14 जनवरी और गुरुवार, 15 जनवरी को, वहीं सरस्वती पूजा के दौरान 23 जनवरी से 25 जनवरी तक बिना अनुमति किसी भी निजी बोट या नाव का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा.

शिलान्यास गृहमंत्री अमित शाह ने बायो-सेफ्टी लेवल-4 लैब सुविधा का किया शिलान्यास

गुजरात से विकास के नए युग की शुरुआत

गांधीनगर, 13 जनवरी. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के पहले अत्याधुनिक बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी बायो-सेफ्टी लेवल-4 लैब व एनिमल बायो सेफ्टी लेवल सुविधा का यहां मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में शिलान्यास किया.

समारोह के दौरान गुजरात बायो-टेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर की बायो-सेफ्टी लेवल-4 सुविधा को भारत सरकार की बायोई3 नीति अंतर्गत नेशनल सेंटर फॉर हाई कंटेनमेंट पैथोजन रिसर्च फैसिलिटी के रूप में नियुक्त करने के लिए केन्द्रीय जैव- प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गुजरात के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को आशय पत्र (एलओआई) प्रदान किया गया. श्री शाह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात की धरती से भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा तथा बायो-सेफ्टी क्षेत्र के विकास के नए युग की शुरुआत हुई है.

> पुणे के बाद देश का यह केवल दूसरा उच्च स्तरीय लैब है, लेकिन राज्य सरकार की विशेष पहल से 362 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला यह देश का पहला बीएसएल-4 लैब बनेगा. भविष्य में यह लैब जानलेवा वायरसों से लड़ने के लिए भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच तथा जैव-सुविधाओं का मजबूत किला सिद्ध होगा. प्रधानमंत्री के विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी राष्ट्र के विकास का आधार स्तंभ होना चाहिए.

प्रयागराज माघ मेले में आग

15 टेंट और 20 दुकानें जलीं, फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे

प्रयागराज, 13 जनवरी. माघ मेले के सेक्टर-5 स्थित नारायण शुक्ला धाम शिविर में मंगलवार शाम आग लग गई. आग से 15 टेंट और 20 दुकानें जलकर राख हो गई.

शिविर में कल्पवास कर रहे लोग सुरक्षित बाहर निकल गए. आग लगने के समय किसी के झुलसने की सूचना नहीं है. आग की लपटें 5 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं. मौके पर पुलिस और संतों ने बचाव कार्य शुरू किया, जबकि दमकल की 5 गाड़ियां आग बुझाने में लगी रहीं. आग रुक-रुककर फैल रही थी और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शार्ट सर्किट इसके कारण बताया जा रहा है. फायरकर्मी लगातार पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं. सुरक्षा कारणों से आसपास के शिविरों को भी खाली कराया गया. नारायण धाम का मुख्य शिविर पूरी तरह जल चुका है, लेकिन कल्पवासियों और आसपास के श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली गई है.